egkRek xka/kh vUrjjk"Vªh; fgUnh fo'ofo|ky;] o/kkZ ¼egkjk"Vª½
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अन्तर्गत स्थापित **केंद्रीय विश्वविद्यालय**)
Mahatama Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(**A Central University** Established by Parliament by Act No.3 of 1997)

दिनांक : 5/9/18

भारतीय संस्कृति के संवाहक थे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन : प्रकाश त्रिपाठी

महात्मा गाँधी अन्तरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र इलाहाबाद में आज 05 सितम्बर को शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | सबसे पहले कार्यक्रम की अध्यक्ष केंद्र प्रभारी डॉ विधु खरे दास जी को विद्यार्थियों ने सम्मानित किया | इसके बाद विद्यार्थियों ने केंद्र के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ.प्रकाश त्रिपाठी तथा अनुभाग अधिकारी श्री शम्भू दत्त सती का सम्मान किया | विद्यार्थियों ने केंद्र के शिक्षकों डॉ विधु खरे दास,डॉ कमलेश यादव,डॉ सपना सिंह, डॉ ऋचा द्विवेदी, श्री नरेन्द्र दिवाकर, डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. शारदा द्विवेदी, डॉ. ई वी सूर्या, डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा ,श्री जयेंद्र जायसवाल का तथा केंद्र के सभी कर्मचारियों का सम्मान पुष्पगुच्छ और उपहार देकर किया | इसके उपरांत 'वर्तमान पीढ़ी और शिक्षक' नामक विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें केंद्र के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया | तदुपरांत केंद्र के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ प्रकाश नरायण त्रिपाठी जी ने विद्यार्थियों को आपना आशीर्वचन देते हुए कहा कि सभी छात्र अपने लक्ष्य को पहचाने और उसके प्रति तत्परता से लग जाएँ . उन्होंने वर्तमान में शिक्षक और शिष्य के बीच पनप रहे संबंधों पर भी प्रकाश डाला| कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों ने केंद्र प्रभारी डॉ विधु खरे दास जी के साथ मिलकर केक काटा | कार्यक्रम का संचालन श्री मुकुल मिश्रा और निर्देश कुमार द्वारा किया गया तथा आभार श्री विजय लाल कनौजिया ने व्यक्त किया | इस अवसर पर एम.ए. हिंदी, सोशल वर्क, नाटक और विभिन्न डिप्लोमा के छात्र-छात्राएं जैसे कृष्ण मोहन ,जितेन्द्र पाण्डेय ,अभीष्ट श्रीवास्तव ,अनिल कुमार ,निर्भय सिंह ,मनीषा सिंह ,धर्मेन्द्र कुमार ,जगदीश गौर ,आकाश ,नागेन्द्र आदि भरी संख्या में उपस्थित रहे |

शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्र प्रभारी डॉ.विधु खरे दास,सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ.प्रकाश त्रिपाठी तथा अनुभाग अधिकारी शम्भू दत्त सती

{ks=h; dsUnz
24/28–सरोजनी नायडू मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद–211001, उ.प्र . भारत
फोन एवं फैक्स : 0532–2424442, मो. 09415763046 ईमेल: ard.mgahv@gmail.com वेबसाइट : hindivishwa.org

शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ.प्रकाश त्रिपाठी को छात्र कृष्ण मोहन द्वारा सम्मानित किया गया|

शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं छात्र/छात्राएं

शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नरेन्द्र दिवाकर को छात्र अभीष्ट श्रीवास्तव द्वारा सम्मानित किया गया |

शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं छात्र/छात्राएं